दीवाना हुआ रे नन्दलाल

दीवाना हुआ रे नन्दलाल कहियो रे राधा रानी से,
करता फिर धमाल कहियो रे राधा रानी से,
कुञ्ज गली में बंसी भजावे सबको करे निहाल,
कहियो रे राधा रानी से.....

तेरे बिना नहीं माखन खावे भूखे सारे ग्वाल,
कहियो रे राधा रानी से दीवाना हुआ रे नन्दलाल...

तेरे बिना नहीं रास रचावे मुरली बजे न कोई तान,
कहियो रे राधा रानी से दीवाना हुआ रे नन्दलाल.....

तेरे बिना नहीं होली खेले गोकुल में उड़े न गुलाल,
कहियो रे राधा रानी से दीवाना हुआ रे नन्दलाल.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4140/title/diwana-huya-re-nandlal-kahiyo-re-radha-rani-se-karta-phire-dhamaal-kahiyo-re-radha-rani-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |